RAF SECTOR

NEWS CLIP

17/07/2020

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Prayagraj News, Prayagraj (U.P)

पुलिस ने हटवाया एंक्रोचमेंट, दी वॉर्निंग

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT

कटरा में आरएफ फोर्स के साथ पुलिस ने चलाया अभियान.

कर्नलगंज एरिया में दुकानों के आगे इंक्रोचमेंट करने वाले दुकानदारों पर चला पुलिस का चाबुक, 15 को थमाया नोटिस

prayagraj@inext.co.in

PRAYAGRAJ (16 July): जिले में प्रशासन, पुलिस और नगर निगम टीम के जिम्मेदार अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग अभियान चलाकर मास्क न पहनने वाले दुकानदारों पर कार्यवाही की जा रही है. इसी क्रम में कर्नलगंज एरिया के कटरा, नेतराम चौराहा, मनमोहन पार्क और तमाम जगहों पर सीओ के नेतृत्व में इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्यागी द्वारा मास्क चेकिंग और अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया. इस दौरान बिना मास्क पहने 172 लोगों का चालान कर बीस हजार रुपये वसूला गया. वहीं अवैध तरीके से दुकान लगाये 15 दुकानदारों को नोटिस थमाया गया. सत्येंद्र तिवारी, सीओ कर्नलगंज ने बताया कि चलाये गये इस अभियान में कर्नलगंज एरिया में 15 दुकानें को नोटिस थमाया गया. 172 लोगों का मास्क न पहनने वालों के खिलाफ चालान कर बीस हजार रुपये तकरीबन वसूला गया. यह अभियान डेली दो घंटे नियमित तरीके से चलाया जाएगा. कई दुकानदारों को वार्निंग दी गई.

Hindustan news, Pryagraj (U.P)

कटरा में कार्रवाई करने पहुंची थी नगर निगम टीम, घिरने पर बुलानी पड़ी फोर्स

पॉलीथीन जब्त करने पहुंची टीम को दुकानदारों ने घेरा

नोकझोंक

प्रयागराज | वरिष्ठ संवाददाता

प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्त करने पहुंची नगर निगम की टीम को गुरुवार को कटरा में दुकानदारों से घेर लिया। विवाद बढ़ने और खुद को भीड़ से घिरता देख नगर निगम के अधिकारियों को पुलिस बलानी पड़ी। इसके बाद भी व्यापारी विरोध पर अड़े रहे। जब्त पॉलीथीन वापस करने पर व्यापारियों ने टीम को जाने दिया। जिसके बाद नगर निगम की ओर से कर्नलगंज थाने में तहरीर दी गई है। जोनल अधिकारी का आरोप है कि उनकी गाड़ी तोडने् का प्रयास किया गया। पुलिस ने स्थानीय पार्षद समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है

नगर आयुक्त रवि रंजन के निर्देश पर नगर निगम की टीम गुरुवार को जोनल अधिकारी रवींद्र कुमार के नेतृत्व में कटरा पहुंची। यहां दो दुकानों से करीब 25 किलो पॉलीथीन जब्त की गई। जिसका व्यापारियों ने एकजुट होकर विरोध शुरू कर दिया। व्यापारियों का कहना था कि कोरोना संक्रमण की वजह से पहले ही दुकानदारी चौपट है। इस समय नगर निगम की कार्रवाई का औचित्य नहीं है। कुछ ही देर में विरोध कर रहे दुकानदारों ने टीम को घेर लिया। मारपीट की नौबत देख जोनल अधिकारी ने फोन कर फोर्स बुला ली। कुछ ही देर में आरएएफ पहुंच गई। विरोध को शांत करने के लिए नगर निगम की टीम को जब्त सामान वापस करना पड़ा।

संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कर्नलगंज थाने में तहरीर दी गई है। वहीं कर्नलगंज पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर व्यापारी जितेंद्र कुमार, अनिल कुमार, अमित कुमार और स्थानीय पार्षद आनंद अग्रवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।



कटरा मार्केट में नगर निगम की टीम और व्यापारियों के बीच टकराव के बाद मौके पर पहुंची फोर्स। • हिन्दुस्तान

चालान की रसीद न देने पर विवाद

कटरा के पार्षद आनंद अग्रवाल का कहना है कि नगर निगम की टीम ने पंद्रह लोगों पर कार्रवाई की थी। सभी से जुर्माना भी लिया गया। इसमें से तीन को ही रसीद दी गई बाकी को रसीद ही नहीं दी गई। इसी को लेकर विरोध हो गया। उनका कहना है कि नगर निगम के अधिकारियों के बुलाने पर वह मौकेपर गए थे। गालीगलौज या मारपीट नहीं हुई है।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।